हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 नवंबर 2026

04 बडोरा में लगने वाले जाम से जल्द मिलेगी मुक्ति, टेंडर प्रक्रिया पूर्ण



08 2.41 करोड़ के विकास से बदलेगी बुरहानपुर की तस्वीर, हर...



खबर संक्षेप

दुबई एशियन चैंपियनशिप में यश ने जीता सिल्वर

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम शहर के



खिलाड़ी यश बाथरे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नर्मदापुरम सहित देश का नाम रोशन किया है। दुबई में चल रही एशियन मॉडर्न पेंटाथलॉन बायथल, ट्रायथल और लेजर रन चैंपियनशिप में यश ने दोहरी सफलता पाई। चैंपियनशिप के पहले दिन 12 नवंबर को लेजर रन के व्यक्तिगत मुकाबले में यश ने रजत पदक जीता। टीम इवेंट में भी यश के प्रदर्शन से भारत ने चैंपियनशिप अपने नाम की।यश की उपलब्धि पर शहर के खेल जगत में खुशी है।

रिहायशी कॉलोनी में चोरों ने बोला धावा

नर्मदापुरम। मालाखेड़ी स्थित मंगलमय परिसर में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 2 से 3 बजे के बीच चार नकाबपोश चोर तीन मकानों के ताले तोड़कर घुसे। आहट से रहवासियों की नींद खुल गई। उन्होंने दो चोरों को पकड़कर पीटा, जबकि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर लाखों रुपए के जेवर लेकर भाग गए। चोरी की यह घटना कॉलोनी में लगे कैमरों में कैद हो गई। सूचना पर रात में ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शनिवार सुबह कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी मौके पर पहुंचे।

उत्पादों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

नर्मदापुरम। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन नर्मदापुरम एवं कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास, गोविंदनगर के कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला सह मेला" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया मौजूद रहे।

भालू का रौद्र रूप देख जंगल की रानी ने दवाई दुम, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की घटना, टेरेटरी फाइट में बाघिन और भालू आए आमने सामने, रोमांचित हुए पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में ठंडे मौसम में पर्यटकों को आसानी से वन्यजीवों के दीदार हो रहे हैं। वहीं काफी रोचक दृश्य भी पर्यटकों के सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक दृश्य शुक्रवार शाम सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई टूरिस्ट जोन में सामने आया, जब भालू के डरकर बाघिन को जंगल में भागना पड़ा।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आठ सेकेंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पर्यटकों की जिप्सियों से कुछ दूर बाघिन तथा भालू आमने-सामने खड़े हुए हैं। यकायक भालू अपने पिछले दोनों पैरों पर खड़ा हो जाता है और अगले दोनों पैर हवा में उठाकर रोष प्रकट करता है। जिससे भयभीत होकर बाघिन जंगल में भागने को विवश हो जाती है।



आमने-सामने की स्थिति में खड़े बाघिन तथा भालू।



भालू का रौद्र रूप देखकर जंगल में भागने को विवश हुई बाघिन।

भालू भी बाघिन के पीछे दौड़कर उसे घने जंगल की ओर खदेड़ता वीडियो में दिखाई दिया। तथा कुछ देर में दोनों ही घनी झाड़ियां में ओझल हो गए। मढ़ई रेंज ऑफिसर आरके उपाध्याय के अनुसार उक्त घटना का वीडियो कई पर्यटकों ने बनाया तथा रिजर्व के कर्मचारियों के साथ शेयर किया। जिसे रिजर्व प्रबंधन ने एक शानदार घटना के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है। जिसे कई व्यू अब तक मिल चुके हैं। एसटीआर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में बफरजोन में पर्यटन गतिविधियों की काफी अच्छी स्थिति थी। इस दौरान मध्य प्रदेश के महानगरों तथा गुजरात से बड़ी संख्या में पर्यटकों की आमद हुई।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर की राजस्व कार्यों की समीक्षा

सीमांकन के लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण और लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए सभी राजस्व अधिकारी अभियान चलाकर कार्य करें। सीमांकन, नामांतरण एवं अविवादित बंटवारे सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

यह निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में उन्होंने वन व्यवस्थापन, भू-अर्जन, राजस्व न्यायालयों, नक्शा पायलट प्रोजेक्ट एवं साइबर तहसील सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे।



लंबित मामलों का करें निराकरण

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में सीमांकन के सभी लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए राजस्व निरीक्षक के अनुरूप मामलों को सूचीबद्ध कर उनका विभाजन करें तथा एक सप्ताह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि दो माह से अधिक समय से लंबित नामांतरण के मामलों की पेंडेंसी शून्य की जाए तथा नवीन प्रकरणों का भी निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित हो।

राजस्व न्यायालयों का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का अनिवार्य रूप से नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर तहसील के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी रिपोर्ट के लिए 10 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरण स्वीकार्य नहीं हैं। सभी तहसीलदार व्यक्तिगत रुचि लेकर ऐसे मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने वन एवं राजस्व विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन से जुड़े 32 मामलों में, जिनमें एसटीआर अंतर्गत विस्थापित ग्राम के अधिकार अभिलेख तैयार किए जाने हैं, प्राथमिकता के आधार पर आगामी तीन माह में कार्यवाही पूर्ण कर उनका प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए।

धारण अधिकार व भू-अर्जन के मामलों में तेजी लाएं

कलेक्टर ने धारण अधिकार के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन तहसीलों में ऐसे मामले लंबित हैं, वहां से नियमित रूप से निराकरण के प्रस्ताव प्राप्त किए जाएं। सभी राजस्व अधिकारी इन प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर कार्यवाही में तेजी लाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भू-अर्जन से संबंधित किसी भी प्रकरण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जाए। सड़क, रेलवे सहित अन्य विभागों के भू-अर्जन मामलों में राजस्व विभाग की ओर से कोई भी कार्यवाही लंबित नहीं रहनी चाहिए।

कार्रवाईः अवैध खनिज उत्खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए गिट्टी एवं रेत के अवैध परिवहन और भंडारण में संलिप्त वाहनों एवं मशीनों को जब्त किया गया है।

इसी क्रम में सुखतवा तहसील इटारसी में गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए डंपर क्रमांक MP39H7521 को जब्त किया गया। इसके साथ ही गिट्टी का अवैध भंडारण किए जाने के मामले में एक जेसीबी मशीन भी जब्त की गई। दोनों को पुलिस थाना केसला की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम निमसाड़िया तहसील नर्मदापुरम में रेत का ओवरलोड परिवहन करते हुए चार डंपर जब्त किए गए। इनमें डंपर क्रमांक MP04YD4732, MP38ZG9799, MP04ZQ7024 एवं MP38ZF9799 शामिल हैं। जब्त किए गए चारों डंपरों को सुरक्षार्थ आरटीओ परिसर में खड़ा कराया गया है। वहीं, सूचना प्राप्त होने पर खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सिवनी मालवा क्षेत्र में भी कार्रवाई की। जांच के दौरान रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखवाई गई हैं। उक्त कार्रवाई खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम सहित विभागीय अधिकारियों एवं होमगार्ड बल की उपस्थिति में की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कढ़ैया में सड़क नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कढ़ैया के ग्राम चीलाचौन में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह ने सूरजकुंड-धानसी से चीलाचौन-कढ़ैया तक बनने वाले 6.50 किलोमीटर लंबे लगभग 585.56 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

साथ ही ग्राम चंदला में 15वें वित्त आयोग एवं अन्य वित्तीय मदों से स्वीकृत कुल 10.50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया। इनमें ग्राम पंचायत कढ़ैया में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग के अंतर्गत 5 लाख रुपये की लागत से चंद्रमोहन पटेल के घर से मुख्य मार्ग तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य भी शामिल है। इस मार्ग के बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी। साथ ही आसपास के गांवों के बीच संपर्क बेहतर होगा और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक विजयपाल सिंह, दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) सदस्य विकास नारोलिया, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



मधुमेह से बचाव के लिए नियमित जांच व संतुलित आहार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत एवं सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मधुमेह (डायबिटीज) के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों आरएमओ डॉ गजेन्द्र यादव, एमडी डॉ जितेंद्र सिंह, जिला नोडल कैंसर डॉ उदित भट्ट द्वारा बताया गया कि मधुमेह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर में रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) का स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है। समय पर इसकी पहचान एवं उचित उपचार नहीं होने पर हृदय रोग, किडनी रोग, आंखों की रोशनी प्रभावित होने तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर नम्रता, योगिता और पूजा सिस्टर द्वारा नागरिकों की ब्लड शुगर जांच परीक्षण किया गया, नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियां एवं व्यायाम करने, वजन नियंत्रित रखने तथा तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई।

विद्यार्थियों ने रंगोली, दीप सज्जा व लालटेन निर्माण से दिखाई रचनात्मकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल एवं द चैम्प्स फन स्कूल, में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों का वातावरण दीपों, रंगोली, फूलों और आकर्षक सजावट से जगमगा उठा। विद्यालय परिवार ने दीपावली को केवल रोशनी का त्यौहार न मानकर प्रेम, सहयोग, सेवा एवं सामाजिक संवेदनशीलता का पर्व बनाने का संदेश दिया।

विद्यालय के फिलैंथ्रॉपी क्लब द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर सेवा एवं परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करते हुए जरूरतमंदों के साथ सुंदर वस्त्र, मिठाइयाँ एवं पटाखों के साथ खुशियां साझा करने की पहल की गई। क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सहयोग, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना है। प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से दीपावली का आनंद लिया। प्राचार्या मोना चटर्जी एवं जनरल मैनेजर सोनल सोखी ने बच्चों के साथ दीपावली उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। नर्सरी के बच्चों ने आकर्षक दीप सज्जा, यूकेजी के विद्यार्थियों ने थाली डेकोरेशन तथा एलकेजी के बच्चों ने रंग-बिरंगी मिनी लालटेन बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आज बूढ़ी माता मंदिर में होगा अन्नकूट के महाप्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर शक्तिधाम मालवीयगंज में रविवार शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशाल अन्नकूट के महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। अन्नकूट के प्रसाद के वितरण के पूर्व भगवान गोबर्धन की पूजा के साथ ही माँ बूढ़ी माता की महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जायेगा। अन्नकूट के प्रसाद का वितरण पूरी तरह निशुल्क रहेगा। प्रतिवर्ष अन्नकूट का आयोजन श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के सहयोग से भक्तों द्वारा किया जा रहा है।



अन्नकूट में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद प्राप्त करने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण करने के लिये दो लाइनें लगाई जाती है। जिसमें पुरुषों को सिर्फ पुरुष ही प्रसाद का वितरण करते हैं। और महिलाओं को महिलाओं द्वारा अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया जाता है। अन्नकूट के प्रसाद के वितरण के दिन मातारानी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसके साथ ही माता की आरती के बाद मंदिर परिसर में आतिशबाजी के साथ बैंडबाजें पर भक्ति गीतों से मंदिर परिसर गूंज उठता है। अन्नकूट के प्रसाद के वितरण के समय श्रद्धालु प्रसाद वितरण में अपनी सेवाएं देते हैं।

संतों की रही गरिमामयी उपस्थिति

बावड़ी वाले मंदिर में अन्नकूट उत्सव संपन्न साधु-संतों ने किया गौरक्षा पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के प्राचीन बावड़ी वाले मंदिर में शनिवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण को 56 प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग लगाया गया व प्रसादी वितरित की गई।

शनिवार सुबह से ही मंदिर में भजन-कीर्तन शुरू हो गए थे। दोपहर में विधि-विधान से पूजा व महाआरती की गई। आरती के बाद भक्तों ने अन्नकूट प्रसाद प्राप्त किया। दर्शन के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संत शामिल हुए।



किया गौ रक्षा पर मंथन

मंदिर परिसर में ही संत समागम एवं सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान गौ रक्षा, मंदिरों के संरक्षण व सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई।

संतों ने कहा कि अन्नकूट पर्व हमें अन्न का सम्मान और गौ-सेवा का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्नकूट पर भंडारा और संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से संतगण उपस्थित रहे।

कछार पर डांगरवाड़ी खेती करने वाले किसानों को भी मिल रही खाद

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देश और उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में रबी सीजन में ऐसे किसानों को भी खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जिनकी एग्री स्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी नहीं बन पाई है। जिले में ई-विकास पोर्टल के एक्सेप्शनल हैंडलिंग के माध्यम से यह सुविधा दी जा रही है। अभी तक रबी सीजन में 22,921 ऐसे कृषक चिन्हित किए गए हैं जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी थी, उन्हें भी खाद वितरित की जा रही है। एक्सेप्शनल हैंडलिंग में रजिस्ट्री विहीन किसान, डूब क्षेत्र के किसान, प्लांटेशन-नर्सरी, मृत किसान के वारिस, मंदिर ट्रस्ट की जमीन पर खेती करने वाले, वन पट्टा और सिकमी किसानों को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि तवा नदी के कछार क्षेत्र में वर्षों से डांगरवाड़ी खेती करने वाले किसानों के पास पहले एग्री स्टेक और ई-विकास पोर्टल पर खाद प्राप्त करने का कोई माध्यम नहीं था।

विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला रेडक्रॉस प्रबंधन समिति एवं जिला जूनियर रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्ति जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नागरिकों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति एवं संभागीय जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी विनोद मालवीय के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

खबर संक्षेप

साहू समाज नगर समिति की बैठक आज

बैतूल। मां कर्मा साहू समाज नगर समिति बैतूल के तत्वावधान में रविवार को शाम 3 बजे से 5 बजे तक मां कर्मा भवन, शंकर वार्ड कालापाठा में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में समिति का गठन, सदस्य संख्या बढ़ाने और अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। समिति अध्यक्ष श्रीराम दियावार ने सामाजिक बंधुओं, माताओं और बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

बैतूल। साईंखेड़ा में शनिवार सुबह मकान निर्माण के दौरान करंट लगने से 40 वर्षीय राजमिस्त्री की मौत हो गई। वह मकान में बीम की सेटिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए। साथी मजदूर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शब्बीर शाह (40), पिता अजीत शाह, निवासी साईखेड़ा के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 11 बजे शब्बीर गांव के ही गोविंद साहू के मकान में निर्माण कार्य कर रहे थे। इसी दौरान बीम की सेटिंग करते समय उन्हें करंट लग गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूरों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शनिवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शब्बीर को करंट किस उपकरण या स्थान से लगा, फिलहाल इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

लातूर में मजदूरी करने गए बुजुर्ग की मौत

बैतूल। मजदूरी करने महाराष्ट्र के लातूर गए बैतूल के एक 51 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। शुक्रवार शाम उनकी मौत हो गई। मौत की परिस्थितियों को लेकर परिजनों और साथ काम करने वाले लोगों ने संदेह जताया है। इसके बाद शव को बैतूल जिला अस्पताल लाया गया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की पहचान मदन अहके (51), पिता नटू अहके, निवासी ग्राम शेलगांव, खेड़ी चौकी क्षेत्र के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, मदन 26 सितंबर को मजदूरी करने के लिए महाराष्ट्र के लातूर गए थे। वहां वह अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब रहने लगी। पिछले चार-पांच दिनों में उनकी हालत ज्यादा बिगड़ गई थी। बताया गया कि शुक्रवार शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन और उनके साथ काम करने वाले लोग शव लेकर बैतूल जिला अस्पताल पहुंचे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

रैपिडो बुक करने पर युवती से अभद्रता

बैतूल। घर जाने के लिए रैपिडो बुक करना एक युवती के लिए परेशानी का कारण बन गया। कारगिल चौक पर कुछ ऑटो चालकों ने कथित तौर पर उसके साथ अभद्रता की और बुकिंग कैंसिल कराने का दबाव बनाया। युवती ने एक मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर अपनी आपबीती बताई। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई की है। युवती ने वीडियो में बताया कि उसे अपने रूम जाना था, इसलिए उसने रैपिडो बुक की थी। आरोप है कि कुछ स्थानीय ऑटो चालकों ने उसके साथ बदतमीजी की और बुकिंग कैंसिल करने का दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि यह बस स्टैंड है और यहां से वह रैपिडो से नहीं जा सकती। युवती ने बताया कि वहां मौजूद लोग यह सब देखते रहे, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। इस घटना से उसे असुरक्षित महसूस हुआ। वीडियो सामने आने के बाद एसपी अमित सक्सेना ने यातायात पुलिस को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए।

तितली चौराहे से मंडी तक 7 करोड़ से बनेगी सड़क

बडोरा में लगने वाले जाम से जल्द मिलेगी मुक्ति, टेंडर प्रक्रिया पूर्ण

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

नेशनल हाईवे - 47 के तितली चौराहे से बडोरा मंडी तक लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का काम जल्द ही शुरू होने वाला है। इस सड़क के बन जाने के बाद किसानों के साथ-साथ आमजनों को बडोरा मंडी के पास बार-बार लगने वाले जाम से छुटकारा मिल जाएगा। अभी बडोरा कृषि मंडी के सामने एकमात्र सड़क है। इसी सड़क पर अन्य वाहनों के अलावा अनाज से भरे वाहनों के आने-जाने का रास्ता है। इससे वाहनों के आमने-सामने आने पर प्रतिदिन जाम लग जाता है। लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की रूचि और पहल पर यह वैकल्पिक मार्ग न केवल तलाशा गया है, बल्कि उन्होंने प्रदेश शासन से इसकी स्वीकृति भी दिलवाई है।

इस मार्ग के लिए जमीन देने के लिए किसानों को राजी करवाने में भी उनकी मुख्य भूमिका रही है। यह मार्ग भोपाल-नागपुर नेशनल हाईवे के तितली चौराहे से कृषि उपज मंडी बडोरा परिसर तक बनेगा। कुल 1.50 किमी लंबा यह मार्ग 6 करोड़ 91 लाख 53 हजार रुपये की लागत से बनाया जायेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मार्ग के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को इसका ठेका मिल गया है। बताया जा रहा है कि सीमांकन के बाद इस मार्ग का काम भी शुरू हो जायेगा। इस मार्ग के बन जाने के बाद बडोरा क्षेत्र में आए दिन लगने वाले जाम से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जायेगी।



औसतन 15 से 20 हजार क्विंटल की आवक

कृषि उपज मंडी बडोरा मंडी में आने और जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है। इस सड़क पर रोजाना लगभग 200 से अधिक वाहनों का आना-जाना होता है। वहीं 17 एकड़ में फैली बडोरा कृषि मंडी में रोजाना लगभग 15 हजार से 20 हजार क्विंटल अनाज आता है। सीजन में उपज की आवक 25 से 30 हजार क्विंटल तक पहुंच जाती है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किसान उपज लेकर यहां पहुंचते है, ऐसे में मंडी में आने और जाने के लिए केवल 7 मीटर चौड़ी एक ही सड़क है। अनाज से भरे बड़े वाहन जब आमने-सामने आते हैं, तब आपस में सकरी सड़क पर फंसने से जाम लग जाता है। इसके लिए कृषि उपज लेकर मंडी आने वाले वाहनों को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है और यह काफी हद तक सही भी है। अचानक वाहनों की संख्या बढ़ जाने और भीतर प्रवेश नहीं मिलने से सड़क पर खड़े रहने के कारण यह समस्या होती है। मंडी में प्रवेश नहीं मिलने के कारण किसान सड़क किनारे ही ट्रैक्टर, पिकअप सहित अन्य वाहन पार्क कर देते है, जिससे सड़क सकरी हो जाती है और अन्य वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिल पाती है, जिससे बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है।

इनका कहना है

तितली चौराहे से बडोरा कृषि मंडी तक 6.91 करोड़ से बनने वाली 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क का टैंडर हो चुका है। सीमांकन के बाद काम भी शुरू कर दिया जायेगा। वहीं एप्रोच रोड 250 मीटर बन रहा था, उसका काम भी इसी माह के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

अखिलेश कवड़े,
इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी विभाग बैतूल

जिले की प्रमुख मंडी, सबसे अधिक आते हैं यहां किसान

कृषि उपज मंडी बडोरा जिले की प्रमुख मंडी है। हालांकि जिले के मुलताई, शाहपुर, भैंसदेही और आमला में भी कृषि मंडी है, लेकिन इन मंडियों में बहुत कम किसान उपज लेकर पहुंचते है। अधिकतर किसान उपज लेकर बैतूल जिला मुख्यालय की मंडी ही आते है। कई किसानों का कहना है ब्लाक स्तर की मंडी और जिला मुख्यालय की मंडी के दामों में अंतर रहता है, इसलिए वे बैतूल उपज लेकर आते है। कई बार इतने अधिक संख्या में किसान उपज लेकर पहुंच जाते है कि कृषि मंडी के सामने जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। मंडी परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। इससे किसान मंडी परिसर के बाहर ही वाहन खड़ा कर देते है। उपज लेकर आए किसानों के कारण सुबह से बडोरा मंडी के सामने वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। इसके कारण जाम लग जाता है और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

दो साल से चल रहा 250 मीटर सड़क का काम

मंडी के पीछे बनने वाली 250 मीटर लंबी सड़क का काम पिछले दो साल से चल रहा है, लेकिन अभी तक यह सडक पूरी नहीं बन पाई है। बताया जा रहा है कि इस सड़क के निर्माण के पूर्व सीमांकन में देरी हुई है। ड्राइंग-डिजाइन बार-बार बदला गया है और इसके अलावा बीच में ठेकेदार का काम भी रूका रहा, जिससे यह सडक अब तक पूरी नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी ने मंडी के पिछले हिस्से में 250 मीटर लंबी और नाले पर ब्रिज का प्रोजेक्ट बनाया था। पीडब्ल्यूडी ने जमीन के सीमांकन में लंबा समय लगा दिया। इसके बाद नाले पर ब्रिज बनाने का ड्राइंग-डिजाइन अलग से जोड़ा गया। इसमें संशोधन करने में भी लंबा समय लग गया। जिससे काम अब तक पूरा नहीं हो सका है।

सतपुड़ा प्लांट प्रबंधन ने आमंत्रण पत्र जारी कर की त्रिपक्षीय बैठक आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सारणी बचाओ संघर्ष समिति के संचालक अखिलेश तिवारी एवं सहसंयोजक सुनील भारद्वाज ने बताया कि स्थानीयता को दरकिनार करने के कारण 19 संगठनों के साथ मिलकर भेल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं प्लांट प्रबंधन के नई यूनिट के प्रभारी अधिकारी एवं श्रम कल्याण अधिकारी के प्रतीकात्मक पुतला दहन की तैयारी लगभग पूरी थी। इसी दौरान प्लांट प्रबंधन द्वारा त्रिपक्षीय बैठक आमंत्रित करने के लिए पत्र जारी कर दिया गया। इसके बाद फिलहाल प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप पुतला दहन के कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और त्रिपक्षीय बैठक में स्थानीयता से जुड़े मामलों पर सहमति बन जाती है तो बहुत बेहतर होगा अन्यथा संगठनों के समन्वय के साथ आगे की योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य स्थानीय मजदूरों, स्थानीय युवाओं, स्थानीय ठेकेदारों, को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना है, समिति द्वारा पूर्व में भी ज्ञापन प्रेषित कर यह मांग की गई थी कि स्थानीयता को अधिक महत्व दिया जाए। नई यूनिट के निर्माण कार्यों में अक्सर देखा गया है कि स्थानीय मजदूरों के गेट पास नहीं बनाए जाते उन्हें सूची बनाकर अंदर बाहर कराया जाता है, जबकि बाहरी मजदूरों के बहुत कम समय में गेट पास बना दिए जाते हैं। स्थानीय मजदूर एवं ठेकेदारों को कम काम दिया जाता है जबकि बाहरी ठेकेदारो एवं मजदूरों को एक साथ बड़े-बड़े काम दे दिए जाते हैं। इसी प्रकार डिस्मेंटलिंग के कार्यों में भी बाहरी मजदूरों का ही वर्चस्व है। जिसके कारण नगर के स्थानीय संगठनों में आक्रोश बढ़ गया और संयुक्त रूप से विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक पुतला दहन की स्थिति निर्मित हो गई थी।

जनजातीय गौरव दिवस पर निकलेगी रैली

बैतूल। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम बैतूल में जनजातीय गौरव दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा प्राप्त 10.35 बजे दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

नाबालिग ने लूट की झूठी कहानी बनाई

दो दोस्तों के साथ किराना व्यापारी के साढ़े तीन लाख हड़पे, पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

किराना दुकान की वसूली के 3 लाख 43 हजार रुपए हड़पने के लिए एक नाबालिग कर्मचारी ने लूट की झूठी कहानी रची। उसने अपने मालिक को फोन कर बताया कि भौंरा बस स्टैंड के पीछे बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर पैसों से भरा बैग छीन लिया है। जब यह मामला शाहपुर पुलिस के पास पहुंचा, तो जांच में पूरी कहानी फर्जी निकली।

पुलिस ने नाबालिग कर्मचारी और उसके दो साथियों को पकडक़र वसूली के पूरे पैसे वापस ले लिए हैं, साथ ही इस साजिश में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त कर ली है। पुलिस के मुताबिक, इटारसी के रहने वाले दुर्गाप्रसाद सिंगवानी और उनके भाई महेश कुमार थोक किराने का काम करते हैं। उनकी दुकान पर पिछले एक साल से 17 साल का एक नाबालिग लडक़ा उधारी के पैसे वसूलने का काम कर रहा था। 11 नवंबर को उसे सुखतवा और भौंरा की किराना दुकानों से बकाया पैसे इकट्ठा करने भेजा गया था। शाम करीब 5.30 बजे उसने दुकान मालिक को फोन कर कहा कि उसने दोनों गांवों से 3 लाख 43 हजार रुपए वसूल लिए हैं, लेकिन भौंरा बस स्टैंड के पीछे बदमाशों ने चाकू मारकर रुपयों से भरी थैली लूट ली और बाइक से भाग गए। इस पर दुकान मालिक ने 12 नवंबर को शाहपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की जांच शुरू करते ही पुलिस को कर्मचारी की बातों पर शक हो गया। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो वह टूट गया और उसने लूट होने की बात से साफ इनकार कर दिया। उसने कबूल किया कि वसूली के पैसे हड़पने के लिए उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। नाबालिग की निशानदेही पर पुलिस ने न्यू गरीबी लाइन इटारसी के रहने वाले सुमित रैकवार और कृष्णा खडोतिया को धर दबोचा। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

नाले में बह रहा सांपना डैम की नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अल्पवर्षा के कारण जहां जिले के जलाशय क्षमता अनुरूप नहीं भर पाए है और किसानों को भी कम पानी वाली फसलों की बोवनी करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। किसानों को जलाशयों से भी मात्र एक या दो ही पानी दिया जा रहा है। ऐसी विषम परिस्थितियां होने के बावजूद भी सांपना जलाशय का पानी नहर में छोड़ने के बजाय नाले में

फसल के लिए बूंद-बूंद को तरस रहे किसान

बहाया जा रहा है, जिसके कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। किसानों ने इसे पानी की बर्बादी बताया है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारी इस मामले की जांच करने की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को सांपना डैम के गेट खोलकर नहरों में पानी छोड़ा गया है। इससे 3860 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई होने की बात कही जा रही है। इस बार सांपना डैम अपनी कुल क्षमता का 74.10 प्रतिशत ही भरा है। डैम से डी-1 और डी-2 नहरों के करीब 35 किमी. के नेटवर्क के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा। सोहागपुर की तरफ जाने वाली नहर का पानी नाले में बह रहा है। जिसको लेकर एक किसान ने वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि डैम का पानी बड़ी मात्रा में नाले में बह रहा है। अगर इतना पानी किसी किसान के खेत में जाता तो उसका लाभ खेती को मिल जाता। इस मामले में सिंचाई विभाग के बैतूल एसडीओ भूपेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि उनको नाले में पानी बहने की जानकारी नहीं थी। जब उनके संज्ञान में यह मामला आया तो उन्होंने टीम भेजकर पानी रुकवाने की बात कही है।

बाल दिवस पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हुआ आयोजन

बाल मेले में बच्चों ने लगाए इडली-वड़ा गोलगप्पे, भेल और हस्तकला के स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल में बाल दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि डिप्टी डायरेक्टर (माइनिंग) मनीष पलेवार एवं श्रीमती अमिता पांडेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती, पंडित जवाहरलाल नेहरू और भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य आरएन पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया।

बाल मेले में बच्चों ने इडली-वड़ा, गोलगप्पे, भेल, मोमोज, स्प्राउट्स, चाट, समोसा, चना मसाला और गुलाब जामुन सहित विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। बच्चों ने स्वयं व्यंजन तैयार कर अभिभावकों को परोसे। इसके साथ ही चित्रकला, हस्तशिल्प, डोकरा आर्ट और क्ले आर्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने भाग लिया। स्टॉल पर प्लास्टिक और थर्मोकोल के डिस्पोजेबल का उपयोग नहीं किया गया। मुख्य अतिथि कमलेश कुमार ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर नए हुनर सीखने, समय की पाबंदी और अनुशासन का महत्व बताया। प्राचार्य आरएन पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में तपन श्रीवास्तव, अर्पिता हजारे, दिलीप डांगे, भारत धोटे, रमेश पंडोले, एआर डांगे, संजय सोनी, सीमा साहू सहित समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।

जनजातीय गौरव दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

बैतूल। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम बैतूल में जनजातीय गौरव जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने के साथ ही एंबुलेंस मय पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक को कार्यक्रम स्थल पर विद्युत व्यवस्था तथा आवश्यकता अनुसार जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पुलिस विभाग को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, सुगम पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारी बैतूल को कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर 15 नवंबर को विकासखंड स्तर पर भव्य रैली का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। जिसमें जनजातीय पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों का समावेश हो। वहीं 16 एवं 17 नवम्बर को प्रत्येक जनजातीय छात्रावास/आश्रम शालाओं के निरीक्षण पूर्व में जारी आदेश के अनुसार निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा किया जाए। इस अवसर पर छात्रा/छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया जाए। इसके अलावा 18 से 20 नवम्बर तक प्रत्येक जनजातीय विकासखंड स्तर में स्थानीय रूप से चयनित ग्रामों में जनजातीय गौरव चौपाल का आयोजन किया जाए। जिसमें जनप्रतिनियों की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

स्कूल में विविध साक्षरता अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों की दी जानकारी

बाल दिवस पर न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बाल दिवस के अवसर पर पोदार लर्न स्कूल, मुलताई में विविध साक्षरता अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कानून के महत्व, मौलिक अधिकारों, नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश यतेश सिसोदिया एवं द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश संजय कुमार भलावी उपस्थित रहे। इसके साथ ही न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, अभिजीत सिंह वास्कले, सरिता डाबर वास्कले एवं निशा कुनिल की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि समाज में कानून के प्रति जागरूकता होना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। उन्होंने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ नागरिकों के कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व को समझाया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने तथा न्याय, समानता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके लिए शिक्षा के साथ-साथ कानून की समझ, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता भी जरूरी है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य ने सभी न्यायिक अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। बाल दिवस पर आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को संदेश दिया गया कि एक बेहतर और सभ्य समाज के निर्माण के लिए केवल शिक्षित होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कानून के प्रति जागरूक, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग और नैतिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनना भी आवश्यक है।

जनजातीय गौरव दिवस मनाया

बगडोना कॉलेज में याद किए गए भगवान बिरसा मुंडा



सारनी। भगवान विरसा मुंडा जयंती की पूर्व संध्या पर वीर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय बगडोना में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह,विधायक प्रतिनिधि सुधा चन्द्रा,मण्डल अध्यक्ष दीपक सिनोटिया, सरपंच राधेश्याम उइके, अजजा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राम सिंह मर्सकोले एवं गुड्डू नर्रे ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र एवं सरदार विष्णु सिंह उइके की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि मात्र 25 वर्ष की आयु में बिरसा मुंडा जी ने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए, अपने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए एवं इस देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से कडा संघर्ष किया एवं अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन जनजातीय नायकों को याद करने का दिन है। इस अवसर पर अजय साकरे,मोहन मोरे,अमित मण्डल, आईपी सिंह,कीरोन मण्डल सहित बडी संख्या में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

किसानों ने मंडल के खिलाफ जताया विरोध

सीहोर। खेतों में झूलते 11 केवी एवं एलटी बिजली के तार और जर्जर विद्युत खंभे किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण जिले में कई गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं। महोडिया निवासी सुगनबाई मेवाड़ा और छापरी कला निवासी निखिल मेवाड़ा की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि बरबेली निवासी किसान सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल होकर अपना एक हाथ गंवा चुके हैं। इन घटनाओं से आक्रोशित सीहोर जिले के किसानों ने किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दीपावली से देवउठनी ग्यारस तक अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। डाबला माता, चंदेरी, बरबेली, रामखेड़ी, महोडिया और छापरी कला सहित कई गांवों के किसानों ने अपने खेतों में विद्युत मंडल के विरोध में बैनरनुमा पुतले लगाए तथा दीप जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए न्याय की मांग को बुलंद किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के प्रबंध निदेशक से जवाब तलब किया है। आयोग ने सीहोर विद्युत मंडल के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग द्वारा अधीक्षक से भी विद्युत मंडल के अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा।

516 करोड़ की सिंचाई योजना की पाइपलाइन रेलवे की खुदाई में क्षतिग्रस्त, किसानों ने उठाई मरम्मत की मांग

एसडीएम बोले- रेलवे विभाग से कराई जाएगी नुकसान की भरपाई, एजेंसी करेगी पाइपलाइन की मरम्मत; 2021 तक पूरा होना था योजना का काम

नर्मदा पाइपलाइन उद्वहन सिंचाई योजना छीपानेर से चौरसाखेड़ी, गोपालपुर व खातेगांव क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई जा रही छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना की पाइपलाइन रेलवे विभाग द्वारा कराई जा रही खुदाई के दौरान कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना की पाइपलाइन को हुए नुकसान को लेकर किसानों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। मामले में समस्त किसान एवं किसान स्वराज संगठन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुधीर कुमार कुशवाहा को आवेदन सौंपा गया है। किसानों ने आवेदन में बताया कि नर्मदा पाइपलाइन उद्वहन सिंचाई योजना छीपानेर से चौरसाखेड़ी, गोपालपुर व खातेगांव क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई है। रेलवे विभाग द्वारा कराई जा रही खुदाई के दौरान कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इसमें मुख्य रूप से ससली रोड के पास तथा रेलवे ट्रैक के नजदीक किसान भीम सिंह राजपूत के खेत में पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा रेलवे ट्रैक के आसपास अन्य स्थानों पर भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी गई है।

रेलवे विभाग से होगी नुकसान की भरपाई, निर्माण कंपनी करेगी मरम्मत

इस संबंध में एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने बताया कि सिंचाई योजना की जिन स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है, उस नुकसान की भरपाई रेलवे विभाग से कराई जाएगी। रेलवे विभाग संबंधित कंपनी के माध्यम से इसकी भरपाई करेगा। वहीं सिंचाई योजना का निर्माण कर रही कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराई जाएगी। इस प्रकार पाइपलाइन को हुए नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित विभागों और एजेंसियों के समन्वय से पूरी कराई जाएगी, ताकि सिंचाई योजना की व्यवस्था प्रभावित न हो।

516 करोड़ से अधिक की है परियोजना

उल्लेखनीय है कि छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का भूमिपूजन 13 अप्रैल 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम गोपालपुर में किया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 516 करोड़ 11 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। योजना के माध्यम से सीहोर और देवास जिले के लगभग 76 गांवों की 35 हजार 62 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परियोजना के तहत नर्मदा नदी से पानी उठाकर पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए चीचली, करोंदमाफी, पीपलनेरिया, छीपानेर और चौरसाखेड़ी में पांच पंपिंग स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। योजना को प्रारंभिक रूप से 36 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसके अनुसार वर्ष 2021 तक इसका कार्य पूरा होना था। हालांकि निर्धारित समयसीमा के बाद भी परियोजना का काम लंबित रहा। वर्ष 2023 में भी निर्माण कार्य शेष होने का मामला सामने आया था।

पूर्व मुख्यमंत्री भी जता चुके हैं नाराजगी

परियोजना के निर्माण में देरी का मामला पहले भी सामने आ चुका है। दिसंबर 2021 में परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा बताया गया था। इसके बाद अप्रैल 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने अधिकारियों को शेष 5 प्रतिशत कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए थे और निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। जानकारी के मुताबिक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वर्ष 2025 में प्रकाशित अनुपालन ऑडिट रिपोर्ट में भी 31 मार्च 2023 तक छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना को निर्माणाधीन परियोजनाओं की सूची में शामिल किया गया है। इससे स्पष्ट है कि निर्धारित समयसीमा के बाद भी परियोजना का काम लंबित था। हालांकि, उपलब्ध सरकारी दस्तावेजों में परियोजना की देरी का विस्तृत आधिकारिक कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

मांग- सभी क्षतिग्रस्त स्थानों का हो निरीक्षण

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल सामने आए स्थानों पर ही नहीं, बल्कि रेलवे ट्रैक के आसपास पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त हुए सभी स्थानों का निरीक्षण कराया जाए। ससली रोड और किसान भीम सिंह राजपूत के खेत सहित अन्य प्रभावित स्थानों पर प्राथमिकता से मरम्मत कराई जाए। किसानों का कहना है कि यह योजना क्षेत्र की कृषि और सिंचाई व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में पाइपलाइन को हुए नुकसान की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि किसानों को योजना का लाभ मिलने में किसी प्रकार की बाधा न आए।

शुरू हुआ नर्मदा परिक्रमा का क्रम, ईशरपुर आश्रम में होता भक्तों का स्वागत



सोहागपुर। चातुर्मास समापन की और है तथा अब नर्मदा परिक्रमा पर पैदल जाने वालों के जत्थे रोजाना दिखाई देंगे। यद्यपि दशहरा से ही पैदल नर्मदा परिक्रमा करने वालों के समूह क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं। जिनकी आवभगत सोहागपुर में नर्मदा किनारे स्थित ग्राम ईशरपुर के शंकर विवेकानंद आश्रम में की जाती है। स्वामी ईशानानंद सरस्वती ने बताया कि आश्रम में नर्मदा परिक्रमा वासियों को स्वल्पाहार एवं सात्विक भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

संस्कार केंद्र पर निशुल्क शिक्षण सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उधम सिंह बस्ती स्थित केशव माधव न्यास द्वारा संचालित संस्कार केंद्र पर दीपावली के उपलक्ष में सामाजिक संस्था जन सेवा संकल्प द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 नवंबर 2026 को किया गया।कार्यक्रम में संस्कार केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल बैग, पेन-कॉपी, स्कूल ड्रेस की शर्ट एवं मिठाइयां वितरित की गईं।

सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। बच्चों ने भी दीपावली की शुभकामनाओं के साथ अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने बच्चों को स्वच्छ रहने, नियमित अध्ययन करने, बड़ों का सम्मान करने तथा माता-पिता की सेवा करने का आग्रह किया। साथ ही संस्कारों के साथ शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अतिथियों ने कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों का बीजारोपण हो रहा है, जो समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।कार्यक्रम में जिला सह सेवा प्रमुख घनश्याम परमार, वरिष्ठ अधिवक्ता तोष नारायण भूतिया, नगर सेवा प्रमुख सुरेश पांचाल, नीरज सांवरिया, संस्कार केंद्र संचालिका किरण सांवरिया दीदी एवं अक्षय बरेठा उपस्थित थे।यह जानकारी संस्था के केवलराम मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि जन सेवा संकल्प संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों की सहायता एवं सामाजिक सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं।

आउटसोर्स कर्मचारियों से छह हजार रुपए में करा रहे काम

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शासन की आउटसोर्स नीति के तहत अस्पतालों में सेवारत कर्मियों का शोषण होता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में दो निजी कंपनियों द्वारा नियुक्त आउटसोर्स कर्मियों को आधा वेतन दिया जाता है। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला है।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने कलेक्टर नर्मदापुरम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को पत्र भेजा है। जिसमें बताया गया है कि सीएचसी सोहागपुर में शिवा हॉक आई सोसायटी इंदौर एवं प्रथम नेशनल सिक्योरिटी इंदौर नामक कंपनियों द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

अनुबंध के अनुसार कंपनी द्वारा इन कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम वेतन दिया जाना है, लेकिन कंपनी द्वारा मनमानी करते हुए कर्मचारियों को 6000 से 8000 रुपये प्रतिमाह पर ही काम कराया जा रहा है। महंगाई के दौर में इतने कम वेतन में कर्मचारियों के सामने परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

चाचा नेहरू की वेशभूषा में बालक भव्यांश रहे आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कांग्रेस परिवार सोहागपुर द्वारा 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर देश के विकास में उनके द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बालक भव्यांश मांझी रहे, जिन्होंने चाचा नेहरू की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, ब्लॉक सेवा दल अध्यक्ष इरफान खान, नगर सेवा दल अध्यक्ष प्रतीक तिवारी, नगर किसान कांग्रेस अध्यक्ष गणेश अहिरवार, प्रकाश मालवीय, पार्षद भास्कर मांझी, ओपी पटेल, देवांशु शर्मा, ऋषभ दीक्षित, सचिन श्रोती व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधिक सेवा सप्ताह के तहत शासकीय हाई स्कूल राइखेड़ी में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विधिक सेवा सप्ताह एवं न्याय उत्सव के अंतर्गत तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण समिति के तत्वावधान में शासकीय हाई स्कूल ग्राम पंचायत राइखेड़ी में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल मेला महोत्सव का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को कानून की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया।

कानूनी अधिकारों और सुरक्षा पर विशेष जोर

मुख्य अतिथि दिशा चांडक ने अपने संबोधन में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, बाल अधिकार, पॉक्सो (POCSO) एक्ट, और 'गुड टच व बैड टच' जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को इन विषयों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की अनहोनी पर तुरंत आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, बाल मजदूरी और बाल शोषण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा करते हुए समाज को इसके प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। जरूरतमंदों के लिए निशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता की जानकारी भी साझा की गई।इस जागरूकता शिविर और बाल मेला महोत्सव के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

महंगाई का असरः दूध के दामों में हुई बढ़ोतरी

मैरूंदा। रोजमर्रा की जरूरतों में शामिल दूध के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने से आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ने वाला है। अमूल और अन्य कंपनियों ने दूध की कीमतों में 4 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि कर दी है। नई दरें 12 नवंबर से लागू हो गई हैं। अचानक हुई इस बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

अचानक एक ही दिन में चार रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी होने के कारण आम लोगों को इसका सीधा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। 11 नवंबर तक दूध के दाम में बढ़ोतरी को लेकर कोई भी सुगबुगाहट सुनाई नहीं दी थी। लेकिन अचानक की एक ही रात में दूध के दामों में तेजी कर दी गई। हालांकि सोने वाली बात यह है कि निजी कंपनियों के द्वारा यह पहले से प्री प्लान किया हुआ था। जबकि अभी तक देखा गया है कि दूध के दाम बढ़ने से पहले लगभग 2 से 3 दिन पूर्व उपभोक्ताओं तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाती थी।

मोकलबाडा में जस प्रतियोगिता में 20 मंडलियों ने भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोकलबाडा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से विशालकाय जस प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें लगभग मध्यप्रदेश राज्य के 20 मंडली ने भाग लिया गया। निर्णायक भूमिका में लगभग 60से 80 वर्ष तक के बुजुर्ग लोगों ने अपनी हाजरी लगवाई गई तथा शानदार निर्णय लिया गया। जिनमें मुख्य रूप से भगवत सिंह रघुवंशी नर्मदा प्रसाद गुर्जर कंछेदी लाल पठारिया देवी सिंह रघुवंशी ने निर्णय लिया। मंच संचालन जगदीश प्रसाद आरसे लांघा बम्होरी ने किया।

प्रथम पुरस्कार 1501बडोदिया मंडल दूसरा 11001 सिटिया गोहाना सहित अन्य सभी दस मंडल को पुरस्कृत किया गया। समिति अध्यक्ष माधो सिंह रघुवंशी उपाध्यक्ष रामविलास रघुवंशी सहित खूबचंद रघुवंशी वनवारी सरपंच पति कमल धान सरपंच मोकलवाडा सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बाल मेले का किया आयोजन

बच्चों ने व्यंजनों के स्टॉल लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा संचालित भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में खुशियां खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों की सौगात के साथ आज बाल मेले का शानदार आगाज हुआ। अतिथियों ने रिबिन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा का पूजन कर शिक्षक विजयशंकर यादव ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। धरमदास साधराम ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ टीम वर्क व्यापार की समझ ईमानदारी और संवाद की कला विकसित होती है। इस अवसर पर जगदीश बाबू जी, स्वतंत्रता सेनानी वर्मा परिवार से दीपक वर्मा, संजय वर्मा, अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण यादव,सचिव मनोज कुमार परसाई,रीता यादव, प्राचार्य वीरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, रक्षा यादव, वैशाली चौरे, यशोदा यादव, आशिया, चन्द्रमोहन यादव, किशोर कहार, दुष्यंत यादव, संतोष यादव, नारायण यादव, प्रेम यादव, अर्जुन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बाल दिवस पर निकाली गई नशामुक्ति जागरूकता रैली



माखन नगर। नशे के दुष्प्रभाव और युवाओं की सुरक्षा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवी की प्रियांशी कीर ने प्रथम स्थान और अमृता मेहरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा छठवीं के हर्ष मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके पश्चात। नशा मुक्ति संबंधी स्लोगन, नारे लगाते हुए स्कूली छात्रों के विशाल समूह ने नगर का भ्रमण किया। अर्द्ध अवकाश के पश्चात स्कूल परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया। छात्रों ने उत्साह पूर्वक अपने पसंदीदा व्यंजनों, पकवानो व मौसमी फलों के स्टॉल लगाए। प्राचार्य के के दुबे एवं समस्त स्टॉफ ने छात्रों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उप सचिव शिक्षा मंजूषा राय ने पीएम श्री कन्या उमा विद्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 13 नवंबर को उप सचिव शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन श्रीमती मंजूषा राय द्वारा पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माखन नगर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रयोगशालाओं और विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती राय ने सर्वप्रथम विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया तथा छात्राओं के अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया एवं शिक्षण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब (ATL), आईसीटी लैब एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं की साफ-सफाई, स्वच्छता और सुव्यवस्थित रखरखाव का निरीक्षण किया। श्रीमती राय ने उपस्थित शिक्षकों से संवाद कर शिक्षण कार्यों, विद्यालय संचालन एवं उनकी समस्याओं तथा सुझावों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य निधीश कुमार गुरु द्वारा उप सचिव श्रीमती मंजूषा राय को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक ज्योति प्रहलादी, डीईओ एवं जेडी कार्यालय से पी.के. पटवा, अरविंद तिवारी, आशीष पटेल एवं संदीप सिंह, बीईओ सुषमा पीपरे, बीआरसी कमलेश वर्मा, जनशिक्षक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अंडर-18 बालक क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल 19 को

हरदा। संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हरदा जिले की अंडर-18 बालक क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल 19 नवंबर, गुरुवार को नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म एक सितंबर 2008 को या उसके बाद हुआ है। खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। हरदा जिले की हरदा, हंडिया, टिमरनी, रहटगांव, खिरकिया और सिराली तहसील सहित ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी भी ट्रायल में शामिल हो सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों की टीम बनाकर मैच कराए जाएंगे। इसके बाद संभागीय टीम तैयार की जाएगी, जो आगामी दिनों में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। विवेक अग्रवाल ने जिले के सभी पात्र क्रिकेट खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में चयन ट्रायल में शामिल होने की अपील की है।

गांजा तस्कर को जबलपुर सेंट्रल जेल भेजा

हरदा। जिले में पुलिस ने पहली बार सख्त पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। शुक्रवार को पुलिस ने गांजे की तस्करी करने वाले पुराने तस्कर शेख खलील को गिरफ्तार कर सीधे जबलपुर सेंट्रल जेल भेज दिया है। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी 56 वर्षीय शेख खलील पिता शेख रशीद मोहनपुर गांव का रहने वाला है। वह पिछले कई सालों से इलाके में गांजे की अवैध सप्लाई में शामिल था। करीब डेढ़ साल पहले भी पुलिस ने उसे टेमागांव के पास गांजे की खेप के साथ रंगे हाथों पकड़ा था। उस मामले में जेल की हवा खाने के बाद वह महज 15 दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था, लेकिन बाहर आते ही वह फिर से नशे के धंधे में सक्रिय हो गया। आरोपी की लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रस्ताव तैयार किया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, शेख खलील पर नशीले पदार्थों की तस्करी के पहले से 8 अलग-अलग केस दर्ज हैं।

मुख्य सचिव ने स्कूल का किया निरीक्षण

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव संजय गोयल ने शासकीय उमावि पीएमश्री श्यामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक दक्षता एवं प्रतिभा को परखा। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने ऑटोमोटिव एवं आईटी की कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बच्चों की योग्यता और तकनीकी ज्ञान को परखते हुए उन्होंने उनकी कठिनाइयों को सरलता से हल करने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं की साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य सचिव संजय गोयल ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें शिक्षकों की समस्याओं और परेशानियों को गंभीरता से सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर बीआरसीसी अशोक वर्मा एवं एपीसी सुरेंद्र यादव सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

न्यायोत्सव के तहत निकलेगी बाइक रैली

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी देने और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 15 नवंबर को सुबह 9:30 बजे जिला न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ एवं वॉकथॉन का आयोजन होगा।

दो मकानों पर चोरों ने बोला धावा, सोने-चांदी के जेवर व नकदी चुराई

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

वास्तु सिटी कॉलोनी में शनिवार रात करीब 2:20 बजे चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाया। दोनों घरों से सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेत करीब 1.25 लाख रुपए का सामान चोरी हुआ है। सीसीटीवी कैमरे में मुंह पर कपड़ा बांधे दो युवक कैद हुए हैं। तीसरे घर में चोरी की कोशिश के दौरान घरवालों के जागने पर आरोपी भाग गए। गली नंबर 8 में रहने वाले रोशन उइके के घर से सोने के दो जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी पायल और 5 हजार रुपए नकद चोरी हुए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। रोशन ने बताया कि वे सोनतलाई गांव गए हुए थे। वहीं, गली नंबर 9 में रहने वाले विजय धनगर के घर से 5 हजार रुपए नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी के रामझोल और एक जोड़ी चांदी की बिछिया चोरी हुई। इनकी कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई गई है। विजय ने बताया कि उनकी पत्नी वंदना 8-10 दिनों से बिसोनीकला गांव गई हुई थीं। वे भी घटना से एक दिन पहले शाम को गांव चले गए थे। विजय कॉलोनी के मालिक के यहां काम करते हैं। चोरों ने कॉलोनी के एक तीसरे घर में भी चोरी की कोशिश की। इसी दौरान घरवालों की नींद खुल गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले।

दो साल में चोरी की चौथी घटना

स्थानीय लोगों के मुताबिक, कॉलोनी में दो साल के अंदर चोरी की यह चौथी घटना है। इससे पहले हुई तीन चोरियों के आरोपियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सूचना मिलने पर एसडीओपी शालिनी परस्ते और टीआई रोशनलाल भारती मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, कॉलोनी चारों तरफ से खुली है। चोरों की तलाश के लिए जानकारी जुटाई जा रही है। टीआई भारती ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



विधायक ने किया ढाई करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन

2.41 करोड़ के विकास से बदलेगी बुरहानपुर की तस्वीर, हर वार्ड में पहुंचेंगी सुविधाएं: चिटनिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर





विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने लगभग 2 करोड़ 41 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। ये कार्य मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना एवं विधायक निधि से होंगे। इसमें सीसी सड़क, पेवर ब्लॉक, टीन शेड, तार फेंसिंग, सामुदायिक भवनों का सौंदर्यीकरण शामिल है। चिटनिस ने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ हर वार्ड, हर गली और हर वर्ग तक पहुंचे। हमारा संकल्प बुरहानपुर को सुविधायुक्त, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर बनाना है।

वार्ड 19 इतवारा स्थित ताप्ती तट पर नागझिरी श्मशान घाट के विकास के लिए 50 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इसमें परिसर विस्तार, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण होगा। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट केवल अंतिम संस्कार स्थल नहीं, मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा स्थान है। यहां प्रेरक सुविचार भी अंकित कराए जाएंगे। रखरखाव के लिए स्थानीय नागरिकों की समितियां बनाने पर भी जोर दिया।

लोकार्पण हुए कार्य

वार्ड 18 में सचिन नंदे के घर से रेशमवाड़ी तक 10 लाख की सीसी सड़क, वार्ड 20 सिंधीपुरा में 8 लाख की सड़क, दुर्गा मैदान में 10 लाख के पेवर ब्लॉक का लोकार्पण हुआ। वार्ड 19 में 2 लाख से सामुदायिक भवन सौंदर्यीकरण, वार्ड 16 में 4 लाख से भवन सौंदर्यीकरण, वार्ड 18 में 2-2 लाख से दो सभा मंडप, वार्ड 19 में 5 लाख के पेवर ब्लॉक, 2 लाख के टीन शेड व तार फेंसिंग सहित वार्ड 14 में कई सीसी सड़कों का लोकार्पण किया गया।

नए कार्यों का भूमिपूजन

वार्ड 19 में 10-10 लाख से दो सामुदायिक भवन व टीन शेड, वार्ड 16 में 7 लाख की सड़क, इतवारा गेट से नागझिरी घाट तक 51 लाख की सीसी सड़क, वार्ड 17 में 16.85 लाख से सामुदायिक भवन, वार्ड 22 में 20 लाख से सामुदायिक भवन, डोम व फ्लोरिंग, वार्ड 18 में 15 लाख से सामुदायिक भवन और वार्ड 23 आजाद वार्ड में 10 लाख से सभा मंडप का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

महिला ने साड़ी से फंदा लगाकर दी जान पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर की बंगाली कॉलोनी में शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे 45 वर्षीय महिला ने घर के ऊपर वाले कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, महिला की पहचान मंजू, पति अनाथ गाइन के रूप में हुई है।

पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है। महिला के पति ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 23 और 26 साल है। शुक्रवार को कॉलोनी में पांच दिवसीय देवी उत्सव का विसर्जन जुलूस निकला था। मंजू पूरे समय जुलूस में शामिल रही थीं और सभी के साथ थीं।

पति के मुताबिक, शनिवार दोपहर वह अपने बड़े भाई के घर के बाहर बैठे थे। उस समय मंजू घर में अकेली थीं। बाद में उन्हें फंदे पर देखकर अस्पताल ले जाया गया। पति ने बताया कि मंजू पिछले कुछ महीनों से माइग्रेन से पीड़ित थीं और उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि मंजू ने ऐसा कदम क्यों उठाया।

मुकेश बने जिलाध्यक्ष व प्रबल जिला महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय मजदूर संघ के जिला सम्मेलन में पुरानी कार्यकारिणी भंग कर अगले तीन साल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुकेश धामंदे को जिलाध्यक्ष और प्रबल पंवार को जिला महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से दोबारा चुना गया। सम्मेलन शनिवार को शहर के एक निजी होटल में पांच सत्रों में आयोजित हुआ। नई कार्यकारिणी का चुनाव प्रदेश निर्वाचन अधिकारी एवं संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना राजोरिया और विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी की मौजूदगी और मार्गदर्शन में हुआ। अतुल रघुवंशी, वीरेंद्र भाटी और शोभा ठाटे को उपाध्यक्ष बनाया गया। कैलाश विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, गुलाब बाई उइके, अमित बोरसे और आनंद अग्रवाल को सहमंत्री की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, सुभाष चौहान कार्यालय मंत्री, शंकरसिंह राजपूत विधि प्रकोष्ठ प्रभारी और दीपक गुर्जर मीडिया प्रभारी बनाए गए। सम्मेलन में संगठन की गतिविधियों, श्रमिकों की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजना और संघ की विचारधारा को जिले के हर क्षेत्र तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए श्रमिकों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत करने के लिए काम करने की बात कही। सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।

बुरहानपुर में मनाई गई पंडित नेहरू की 137वीं जयंती

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, योगदान किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके योगदान को याद किया गया और बाल दिवस के महत्व पर भी चर्चा हुई।कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष शेख रुस्तम ने कहा कि नेहरू ने को मजबूत लोकतांत्रिक नींव दी। उन्होंने विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और उद्योग के विकास के लिए कई संस्थान बनाए, जो आज भी देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, आपसी सद्भाव और सबको साथ लेकर विकास करने के रास्ते पर चलना ही नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



देश बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए जताई प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में बाल दिवस के महत्व पर भी बात हुई। कार्यकर्ताओं ने बच्चों के बेहतर भविष्य और अच्छी शिक्षा के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान पूर्व विधायक हमीद काजी, नगर निगम अध्यक्ष अनीता यादव, डायमंड देवड़ा, कैलाश यावतकर, आशीष भगत, शहजाद नूर, रियाज उल हक अंसारी, वसीम बक्श, अरुण जोशी, हुजैफा मुलायमवाला, संतोष पाटिल, अकरम पठान, प्रदीप दुबे, राजकुमार वाछवानी, अयाज अंसारी और शोएब सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनविश्वास अभियान ऐसी पहल, जिसमें शासन पहुंचता जनता के द्वार: चिटनिस



बुरहानपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को लालबाग स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज मंगल कार्यालय में जनविश्वास शिविर आयोजित हुआ। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि रहीं। चिटनिस ने कहा कि जनविश्वास अभियान शासन और नागरिकों के बीच विश्वास का सेतु है। अब नागरिकों को योजनाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे, शासन स्वयं जनता के द्वार पहुंच रहा है। यही सुशासन की भावना है। उन्होंने स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्ति, गीले-सूखे कचरे को अलग करने और कपड़े की थैली अपनाने का आह्वान किया।

शिविर में संबल योजना के तहत 8 हितग्राहियों को लगभग 20 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र दिए गए। इसमें 6 हितग्राहियों को 2-2 लाख और 2 को 4-4 लाख रुपये मिले। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों व स्कूली बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। विधायक, महापौर माधुरी पटेल, कलेक्टर विवेक कुमार व एसपी आशुतोष बागड़ी ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। आधार, स्वास्थ्य, कृषि, महिला-बाल विकास, आवास, खाद्य सहित सभी विभागों ने सेवाएं दीं। महापौर ने स्वच्छता में सहभागिता की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान प्रशासन और जनता के बीच मजबूत सेतु है। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष अनिता यादव, आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

अवैध शराब निर्माण के ठिकाने पर दबिश मादक द्रव्य व निर्माण सामग्री जब्त की

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार दोपहर ग्राम दामखेड़ा में एक आलीशान मकान में चल रहे अवैध शराब निर्माण के ठिकाने पर दबिश देकर भारी मात्रा में मादक द्रव्य और निर्माण सामग्री जब्त की है। जब्त सामग्री की अनुमानित बाजार कीमत करीब 97 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया है। जिला कलेक्टर गुरु प्रसाद के आदेश और सहायक आयुक्त आबकारी बृजेन्द्र कोरी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। आबकारी नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी श्री सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में गठित विशेष संयुक्त टीम ने वृत्त भीकनगांव के ग्राम दामखेड़ा स्थित एक आलीशान मकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान मकान के अंदर बने एक संकीर्ण गलीनुमा गुप्त स्थान से 646 लीटर अवैध अल्कोहलीय मादक द्रव्य बरामद हुआ।

मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त है जब्त द्रव्य

आबकारी विभाग के अनुसार, जब्त किया गया मादक द्रव्य प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए अत्यंत अनुपयुक्त और हानिकारक पाया गया है। स्थानीय बोली में इस अवैध द्रव्य को 'लिमड़ी' के नाम से जाना जाता है।

आरोपी पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

टीम ने मौके से आरोपी कमल बडोले को गिरफ्तार किया है। आबकारी वृत्त भीकनगांव प्रभारी एवं उपनिरीक्षक सार्थक वर्मा द्वारा आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) और 49(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

इन अधिकारियों का रहा योगदान

इस पूरी कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंदपाल सिंह मंडलोई, आबकारी उपनिरीक्षक देवराज नगीना, शिवम् चौरसिया सहित आबकारी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण और विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

जिला अस्पताल में रक्तदान

कलेक्टर ने किया रक्तदान बोले ये पुण्य का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिला अस्पताल में शनिवार सुबह 11 बजे रक्तदान सिविल लगा। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर विवेक कुमार ने किया। सबसे पहले उन्होंने खुद रक्तदान करते हुए आमजन को प्रेरित किया। उन्होंने कहा यह एक पुण्य कार्य है इसे हर व्यक्ति को करना चाहिए ताकि जिले में किसी की भी खून की कमी से मौत ना हो। कलेक्टर विवेक कुमार ने कहा रक्तदान से खुशी मिलती है क्योंकि आपका दान से कई जिंदगियां बच सकती है। वही ये एक पुण्य कार्य है।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ दर्पण टोके के मुताबिक शहर की सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं सहित आमजन से आह्वान किया था कि वह इस शिविर में पहुंचकर रक्तदान करे। रक्तदान शिविर में 27 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। वहीं जिला अस्पताल में हर महीने कैंप लगाकर ब्लड डोनेट करने का कार्य किया जाएगा। शिविर में सीएमएचओ राजेंद्र वर्मा डॉक्टर, गौरव थावानी सहित डॉक्टर और स्टाफ मौजूद था।